मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन में किसानों को किया सम्मानित

चर्चा में क्यों?

28 दिसंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालोद ज़िले के डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम गोडमर्रा में आयोजित किसान सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम स्थल पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया।
- उन्होंने डौंडीलोहारा विकासखंड के धंसू राम और चंद्र कुमार को गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर बिक्री के लिये सम्मानित किया।
- सम्मेलन में पीपरखारना गौठान के गोधन महिला स्वसहायता समूह तथा टटेंगा गौठान के गायत्री महिला स्व सहायता समूह को जैविक खाद निर्माण के लिये सम्मानित किया गया।
- राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान के बदले अन्य फसल लेने वाले भेड़ी ग्राम के किसान डामन लाल और हीरा लाल तथा पनिकापार के किसान श्यामलाल और संजीव चौधरी को सम्मानित किया गया। डामन लाल और हीरा लाल धान के बदले 0.50 हेक्टेयर में केला तथा श्यामलाल और संजीव चौधरी 0.40 हेक्टेयर में सुगंधित धान की फसल ले रहे हैं।
- मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गोडमर्रा-सुरेगाँव तक 3.50 किलोमीटर सड़क निर्माण, गोडमर्रा पाट का सौंदर्यीकरण, खरखरा जलाशय का नामकरण भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी के नाम पर तथा खरखरा-मोहदी पाट परियोजना का नामकरण दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन के नाम पर करने की घोषणा की।
- गौरतलब है कि प्रदेश में लगभग 8 हज़ार गौठानों में गोबर खरीदी की जा रही है। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, गौ काष्ठ, दीये, गमला जैसे कई उत्पाद बनाए जा रहे हैं। गोबर से पेंट बनाने के लिये एमओयू किया गया है। गौठानों में इससे बिजली बनाने का भी काम चल रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-honored-farmers-in-kisan-sammelan